राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

कोरोना काल में राज्यपाल बढा रहे है लोगों का हौंसला

प्रदेश के सभी सांसद और विधायकगण से बात की

प्रत्येक कुलपति से भी ली विश्वविद्यालय की जानकारी

जयपुर, 29 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र कोविड–19 के इस दौर में प्रतिदिन लोगों से दूरभाष पर बात करते है, उनके हाल–चाल लेते हैं। राज्यपाल श्री मिश्र निराश हो रहे लोगों का हौंसला बढाते हैं, उन्हे हिम्मत दिलाते हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने प्रदेश के सभी मंत्रीगण, सांसद और विधायकगण से दूरभाष पर उनके हाल–चाल जाने। श्री मिश्र ने प्रदेश के प्रत्येक राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति से भी उच्च शिक्षा की भविष्य की रणनीति के बारे में जानकारी ली।

राज्यपाल श्री मिश्र कोविड–19 के इस दौर में लगातार वीडियो कान्फ्रेन्स कर रहे है। वीडियो कान्फ्रेन्स के माध्यम से श्री मिश्र ने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न विषयों पर परिचर्चाओं और विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोहों में भाग लिया। श्री मिश्र ने वीडियो कान्फ्रेन्स के माध्यम से ही विभिन्न इलेक्ट्रानिक चैनलों के सजीव प्रसारणों में भी हिस्सा लिया।

श्री मिश्र उच्च शिक्षा के प्रति बेहद चिंतित हैं। युवा पीढी को पढाई का नुकसान ना हो, इसके लिए उन्होंने टास्क फोर्स का गठन किया। कोविड–19 काल में श्री मिश्र टास्क फोर्स द्वारा दिये जा रहे सुझावों की निरन्तर समीक्षा भी कर रहे हैं।

राज्यपाल की पूर्व मंत्री के निधन पर संवेदना

जयपुर, 29 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं राज्य सभा सांसद श्री एम.पी. वीरेन्द्र कुमार के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। राज्यपाल श्री मिश्र ने दिवगंत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परम पिता से प्रार्थना की है।

राज्यपाल की छत्तीसगढ के पूर्व मुख्यमंत्री के निधन पर संवेदना

जयपुर, 29 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने छत्तीसगढ के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अजीत जोगी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। राज्यपाल श्री मिश्र ने दिवगंत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परम पिता से प्रार्थना की है।

——

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, (जस.) राज्यपाल